अनुस्मारक/अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

सं.ई-25013/2/2020-हिंदी-/ 1150-1220

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग

केंद्रीय जल आयोग

हिंदी अनुभाग

906(द.) सेवा भवन,
आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066.
दिनांकः जुलाई, 2021

कार्यालय ज्ञापन

**विषय : के.ज.आ.(मुख्यालय) के अधिकारियों द्वारा राजभाषा हिंदी में डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहन योजना वर्ष 2020-2021 के संबंध में**

उपर्युक्त विषय पर कृपया हिंदी अनुभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 20 मई, 2021 का संदर्भ लें, जिसमें के.ज.आ.(मुख्यालय) मे कार्यरत,इस योजना में भाग लेने के इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से अपना नामांकन दिनांक **01 जुलाई, 2021** तक भिजवाने का अनुरोध किया गया था परंतु अभी तक नामांकन प्राप्त नहीं हुए हैं।

इस संबंध में उल्लेखनीय है कि योजना की अवधि वित्तीय वर्ष (01.04.2020 से 31.04.2021) रखी गई है। योजना में भाग लेने वाले अधिकारी उनके द्वारा हिंदी में दिए गए डिक्टेशन के बारे में निर्धारित संलग्न प्रोफ़ार्मा (प्रतिलिपि संलग्न) के अनुसार अपना रिकार्ड रखेंगे जिसमें डिक्टेशन देने वाले अधिकारी का नाम, डिक्टेशन की तिथि और डिक्टेशन लेने वाले कर्मचारी का नाम अंकित होगा तथा दी गई डिक्टेशन की प्रतियां संबंधित फाइल क्रमांक के साथ रखी जाएंगी। यह रिकार्ड उनके स्टेनो, निजी सचिव भी रख सकते हैं। उनके सत्यापन का पूरा उत्तरदायित्व संबंधित अधिकारी का होगा।

अतः वे अधिकारी, जो वर्ष 2020-2021 के दौरान उक्त योजना में भाग लेने के इच्छुक है, अपना नामांकन तथा किए गए कार्य का विवरण दिनांक **02 अगस्त, 2021** अवश्य भिजवा दें। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

संलग्नकः यथोक्त

22/7/2021

(रजिन्दर पाल)
उपनिदेशक (रा.भा.)
बीपीएलः 3720

<u>सेवा में,</u>

1. सभी समन्वय/निदेशालय/अनुभाग, के.ज.आ.(मुख्यालय), नई दिल्ली।

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ:</u>

1. अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग के प्रधान निजी सचिव ।
2. सदस्य (अभिकल्प एवं अनुसंधान, जल आयोजना एवं परियोजना तथा नदी प्रबंध), के.ज.आ.।
3. संयुक्त सचिव, केन्द्रीय जल आयोग के प्रधान निजी सचिव ।
4. मुख्य अभियंता (मा.सं.प्र.), केन्द्रीय जल आयोग के प्रधान निजी सचिव ।
5. सचिव, केन्द्रीय जल आयोग।

प्रपत्र

**हिंदी में अधिक से अधिक डिक्टेशन संबंधी पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2020-2021 के दौरान किए गए कार्य संबंधी रिकार्ड का प्रोफ़ार्मा**

1. अधिकारी का नाम :

2. आशुलिपिक/ वैयक्तिक सहायक का नाम :

| क्रम संख्या | दिनांक | डिक्टेशन लिए गए शब्दों की संख्या | फाइल संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|

हस्ताक्षर

## नामांकन प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | |
| पदनाम | : | |
| निदेशालय/अनुभाग/एकक | : | |
| इंटरकाम एवं दूरभाष संख्या | : | |
| कमरा संख्या | : | |
| हिंदी भाषी/हिंदीतर भाषी | : | |

हस्ताक्षर